हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, रविवार 25 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 16.0 डिग्री
न्यूनतम 2.1 डिग्री

13 छात्राएं ई-लाइब्रेरी का लाभ उठाएं : प्रो. सुदेश



14 केंद्रीय मंत्री ने युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे



हथियारबंद बदमाशों ने पांच चौकीदारों को बंधक बनाकर की वारदात

## भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान में डकैती, सात लाख के तार उड़ा ले गए

**सोनीपत।** गांव किलोहड़द स्थित भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) परिसर में हथियारबंद बदमाशों ने डकैती को अंजाम दिया। रात के अंधेरे में दाखिल हुए नकाबपोश बदमाशों ने चौकीदारों को बंधक बनाकर स्टोर रूम का ताला तोड़ा और करीब सात लाख रुपये मूल्य के बिजली फिटिंग के तार लेकर भाग गए। बदमाश करीब दो घंटे तक कैंपस में बेखौफ घूमते रहे। मूलरूप से पंजाब के होशियारपुर के गांव सोहरा हॉल सेक्टर-23 सोनीपत निवासी राकेश डोगरा ने सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है कि वह आईआईआईटी कैंपस में प्रोजेक्ट प्रोक्योरमेंट मैनेजर है। आईआईआईटी कैंपस में भवन निर्माण का कार्य चल रहा है, जिसके लिए अलग-अलग स्टोर बनाए गए हैं। सुरक्षा के लिए रात को पांच चौकीदार तैनात रहते हैं। शुक्रवार देर शाम काम समाप्त होने के बाद सभी स्टोर बंद कर वह अपने कमरे पर चले गए थे।शनिवार सुबह करीब छह बजे कैंपस में चालक गुलशन पहुंचा तो उन्होंने बताया कि रात के समय 5-6 हथियारबंद बदमाशों ने कैंपस में डाका डाला है। बदमाशों ने पिस्तौल दिखाकर रात की ड्यूटी पर तैनात चौकीदार विजेंद्र, कैलाश, आजाद, जयवीर और रोशन को काबू कर लिया। सभी को निर्माणाधीन प्रशासनिक भवन के मीटिंग रूम में ले जाकर उनके हाथ-पैर रस्सियों से बांध दिए और मुंह पर टेप लगा दी। चौकीदारों को बंधक बनाने के बाद बदमाशों ने स्टोर का ताला तोडक़र बिजली फिटिंग तारों की 17 पेटियां लूट लीं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब सात लाख रुपये है। सुबह जब गुलशन को चौकीदार मौके पर नहीं मिले तो तलाश के दौरान वह सभी बंधे हुए मिले, जिनकी रस्सियां खोलकर उन्हें अवगत कराया गया। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है।



■ बदमाशों ने चौकीदारों को निर्माणाधीन प्रशासनिक भवन के मीटिंग रूम में ले जाकर उनके हाथ-पैर रस्सियों से बांध दिए और मुंह पर टेप लगा दी

### दो घंटे उत्पात मचाते रहे आरोपी

पीड़ित चौकीदारों ने बताया कि बदमाश एक गाड़ी में आए थे, सभी के चेहरे ढके हुए थे और वह आपस में उत्तर प्रदेश की भाषा में बातचीत कर रहे थे। वह करीब दो घंटे तक परिसर में उत्पात मचाते रहे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पंचायत विभाग के एससीपीओ की मौत, अधिकारी पर प्रताड़ना का आरोप

**सोनीपत।** ब्रह्म नगर क्षेत्र में खरखौदा ब्लॉक के पंचायत विभाग में कार्यरत अधिकारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने विभाग के वरिष्ठ अधिकारी पर लंबे समय से मानसिक, आर्थिक और प्रशासनिक प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। घटना के बाद परिजन न्याय की मांग को लेकर सिटी थाना और मिनी सचिवालय पहुंचा, जहां पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। ब्रह्म नगर निवासी जोगेंद्र पंचायत विभाग में एससीपीओ पद पर खरखौदा ब्लॉक में तैनात थे। उनकी सेवानिवृत्ति इसी वर्ष के अंत में प्रस्तावित थी और विभाग में उनकी लंबी सेवाएं रही हैं। परिजनों का आरोप है कि उन्हें लंबे समय से मानसिक दबाव में रखा जा रहा था। बीमारी के बावजूद मेडिकल अवकाश को मंजूरी नहीं दी जाती थी और बार-बार छुट्टियों से वंचित किया जाता रहा। परिवार ने बताया कि बेटे की शादी जैसे पारिवारिक कार्यक्रम में भी उन्हें अवकाश नहीं दिया गया, जिससे वह काफी आहत थे। सेवानिवृत्ति से पहले उनकी सैकड़ों छुट्टियां बकाया थीं, बावजूद इसके उन्हें लगातार कार्यभार में रखा गया। परिजनों का यह भी कहना है कि कई महीनों तक वेतन जारी नहीं किया गया, जिससे आर्थिक संकट गहराता चला गया और मानसिक तनाव बढ़ता गया। परिवार का आरोप है कि उन अवैध दबाव बनाए जाने के साथ-साथ अनुचित कार्यों के लिए मजबूर करने का प्रयास भी किया गया।

### परिजनों की शिकायत पर जांच शुरू, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगा खुलासा

पंचायत विभाग के अधिकारी की मौत की सूचना मिली थी। परिजनों की शिकायत लेकर जांच शुरू कर दी है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया। रिपोर्ट में मौत के कारणों का पता लगेगा।

-इंस्पेक्टर देवेंद्र
थाना प्रभारी, सिटी सोनीपत









## खबर संक्षेप


कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।

### जेबीएच स्कूल में मनाया गणतंत्र दिवस समारोह

**खरखौदा।** दिल्ली मार्ग स्थित जेबीएच स्कूल में 77 वें गणतंत्र दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्राचार्या सुमन दहिया द्वारा भाषण देकर किया गया। उन्होंने बताया कि यह दिन हमारे लिए केवल एक तारीख नहीं, बल्कि एक जीवंत इतिहास, एक मजबूत संकल्प और एक उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक है। इस मौके पर अध्यापक कविता पांचाल, कविता गर्ग, ज्योति बरेजा, लक्ष्य दहिया, ज्योति शर्मा, पूजा दहिया, अचित्रा पंवार, प्रीति दहिया, मनजीत दहिया, मंजू दहिया, आशीष छिक्कारा आदि मौजूद रहे।

### शिक्षकों की जॉब सिक्योरिटी की मांग तेज

**सोनीपत।** सोनीपत में राज्य के सरकारी विश्वविद्यालयों में कार्यरत अनुबंधित शिक्षकों की लंबित सूचना और जॉब सिक्योरिटी को लेकर हरियाणा यूनिवर्सिटीज कॉन्ट्रैक्चुअल टीचर्स एसोसिएशन (हुकटा) ने अपनी मांगें तेज कर दी हैं। हुकटा के प्रतिनिधिमंडल ने राई विधानसभा क्षेत्र की विधायक कृष्णा गहलावत, सोनीपत के विधायक निखिल मदान और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के भाई माईराम कौशिक के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंपा। 3. छात्राओं को मतदान के महत्व से अवगत कराया

### छात्राओं को मतदान के महत्व से अवगत कराया

**सोनीपत।** टीका राम गर्ल्स कॉलेज में इतिहास एवं राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वाधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में लोकतांत्रिक मूल्यों और मतदान के महत्व के प्रति जागरूकता पैदा करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज की प्राचार्या गीता की उपस्थिति में हुई। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मताधिकार लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है और प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह चुनावों में सक्रिय भागीदारी निभाए।

### ककरोई में एक दिवसीय एनएसएस शिविर

**सोनीपत।** छोटू राम आर्य कॉलेज, सोनीपत के एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककरोई में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक जागरूकता, सामुदायिक सेवा और स्वैच्छिक सेवा की भावना विकसित करना रहा। प्रशासनिक सहयोग मुकेश और जयदेव द्वारा दिया गया, जबकि टिंकू और रामगणेश ने व्यवस्थाओं में योगदान दिया। शिविर के दौरान प्रश्नोत्तरी, पोस्टर निर्माण, नारा लेखन, नींबू दौड़ और म्यूजिकल चेयर जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पर्यावरण जागरूकता के तहत वृक्षारोपण भी किया गया।

विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने सभी राजकीय विद्यालयों को जारी किए निर्देश

# सभी विद्यालय एमएसआई पोर्टल पर अपलोड करें टैबलेट का डाटा

जिला शिक्षा विभाग के पास कुल 33169 टैबलेट, 35 फीसदी की बैट्रियां खराब होने की स्थिति में

रविंद्र ठाकुर ▶▶| सोनीपत


**सोनीपत।** सोनीपत के सेक्टर-14 स्थित जिला शिक्षा विभाग का कार्यालय।

जिला शिक्षा विभाग के पास कुल 33169 टैबलेट हैं। इनमें से विभिन्न राजकीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को 27798 टैबलेट का वितरण किया गया है। अब 3 साल की लिमिट अवधि पूर्ण होने के कारण करीब 35 फीसदी विद्यार्थियों के टैबलेट की बैटरियां खराब होने की स्थिति में हैं। ऐसे में विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमएसआई) पोर्टल पर करंट टैब स्टेटस नाम का मॉड्यूल डेवल्प कर शिक्षा अधिकारियों को संबंधित रिपोर्ट साझा करवाने के निर्देश दिए गए हैं। निदेशालय ने विभाग के मार्फत सभी राजकीय विद्यालय प्रबंधकों को निर्देश दिए हैं कि वह अपने-अपने स्कूल का 29 जनवरी तक टैबलेट संबंधी डाटा पोर्टल पर मुहैया करवाएं, ताकि आगामी कार्यवाही की जा सके। विद्यालय प्रबंधकों को अपने-अपने स्कूलों में विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाए गए टैबलेट का विवरण एमएसआई पोर्टल पर साझा करना अनिवार्य रहेगा। निदेशालय ने संबंधित कार्य को पूर्ण करने की जिम्मेदारी बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान (एफएलएन) जिला संयोजक को सौंपी है। शिक्षा अधिकारियों का मानना है कि निदेशालय का उद्देश्य प्रदेशभर में विद्यार्थियों को वितरित किए गए टैबलेट का बैंक तैयार करना है, ताकि आगामी शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ होने से पहले टैबलेट संबंधी खामियों को दूर करवाया जा सके। यदि किसी विद्यालय में टैबलेट की संख्या ज्यादा है तो उन्हें अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों के प्रयोग में लाया जा सकता है। इसके अलावा विद्यार्थियों को हर साल मुहैया करवाए जा रहे सभी टैबलेट की 3 साल की लिमिट अवधि समाप्त हो चुकी है। जिला में करीब 35 फीसदी टैबलेट ऐसे हैं, जिनकी बैटरियां खराब होने की हालत में है। अगर सभी प्रबंधक अपने विद्यालयों का डाटा मुहैया करवा देते हैं तो विद्यार्थियों की टैबलेट संबंधी समस्या का समाधान जल्द करवाया जा सकता है कहा कि विद्यालय प्रबंधकों को अपने-अपने स्कूलों में उपलब्ध टैबलेट का विवरण एमएसआई पोर्टल पर करवाना होगा अनिवार्य,एमएसआई पोर्टल पर करंट टैब स्टेटस नाम का मॉड्यूल डेवल्प, विद्यालय साझा करेंगे रिपोर्ट।

**जिला शिक्षा विभाग के पास टैबलेट की स्थिति**

| | | |
|---|---|---|
| कुल टैबलेट - 28725 | वितरित - 27798 | शेष - 927 |
| टूटे हुए टैब - | | 234 |
| खराब हालत में टैब - | | 240 |
| बुनियादी टैब - 119 | वितरित - 105 | शेष - 14 |
| शिक्षक टैब | | |
| कुल टैब | 1487 + 472 (पीजीटी) + 397 (टीजीटी) = 2356 | |
| वितरित | - 1487 + 336 + 197 = 2020 | शेष - 336 |
| प्रधानाचार्य टैब - 212 | वितरित - 169 | शेष - 43 |
| पीआरटी/एबीआरसी टैब - 1757 | वितरित - 1736 | शेष - 21 |

**निर्देशों की अवहेलना पर होगी कार्रवाई**

विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से सभी विद्यालयों प्रबंधकों को एमएसआई पोर्टल पर टैबलेट संबंधी डाटा साझा करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी विद्यालयों को टैबलेट का विवरण एमएसआई पोर्टल पर उपलब्ध करवाना अनिवार्य रहेगा। अगर कोई विद्यालय निर्देशों की अवहेलना करता है तो उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।
**-नवीन गुलिया,** जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

## कल्पना चावला विद्यापीठ में वार्षिक प्रदर्शनी लगी


**खरखौदा।** प्रदर्शनी में प्रतिभा प्रदर्शित करते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

- विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने रोबोटिक्स पर आधारित वर्किंग मॉडल्स दिखाए, सभी ने की मॉडल्स की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

कल्पना चावला विद्यापीठ में वार्षिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसके साथ दिसंबर माह में हुई परीक्षा परिणाम के लिए अभिभावक शिक्षक बैठक भी आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके हुई। इस प्रदर्शनी में प्राइमरी से लेकर सीनियर सेकेंडरी तक के विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और विभिन्न विषयों अंग्रेजी, गणित, हिंदी, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, वाणिज्य, कंप्यूटर, संगीत, शारीरिक शिक्षा आदि पर आधारित अपने मॉडल प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी में हर विभाग के अध्यापकों व विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही। विद्यार्थियों ने केवल विज्ञान ही नहीं, बल्कि भाषा और कला में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने रोबोटिक्स पर आधारित वर्किंग मॉडल्स दिखाए। हिंदी विभाग के विद्यार्थियों ने कविता के दृश्यों और हिंदी साहित्य के इतिहास को आकर्षक चार्ट्स और मॉडल्स में प्रस्तुत किया। सामाजिक विज्ञान के विद्यार्थियों ने प्राचीन सभ्यताओं से लेकर आधुनिक लोकतांत्रिक प्रणालियों तक के सुंदर मॉडल तैयार किए। कॉमर्स विभाग के विद्यार्थियों ने बैंकिंग प्रणाली और व्यापारिक मॉडलों को बहुत ही सरल ढंग से समझाया। संगीत और कला विभाग से संगीत के वाद्य यंत्रों और कलाकृतियों की प्रदर्शनी ने आगंतुकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति, प्राचार्या उषा वत्स, प्राथमिक प्रभारी रितु द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

## गणतंत्र दिवसः अनाजमंडी में रिहर्सल संपन्न

- तहसीलदार ललिता दलाल बतौर मुख्य अतिथि ली परेड की सलामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर


**गन्नौर।** रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

शनिवार को गन्नौर की नई अनाजमंडी में उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल में तहसीलदार ललिता दलाल में बतौर मुख्यातिथि तिरंगा फहराकर परेड़ की सलामी ली। तहसीलदार ने कहा कि हर देशवासी को देशभक्ति के जज्बे के साथ हिस्सा लेते हुए अपने वीर स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों को स्मरण करना चाहिए। राष्ट्रीय ध्वज फहराने के उपरांत ललिता दलाल ने परेड का निरीक्षण किया, जिसके पश्चात पुलिस के महिला-पुरुष जवानों व विद्यार्थियों के साथ मार्च पास्ट किया। सबसे आगे हरियाणा पुलिस पुरूषों व महिला की सयुक्त टुकड़ी, एनसीसी की यूनिट व विभिन्न स्कूलों की टुकड़ियां चल रही थीइ। परेड के उपरांत पीटी-शो का बेहतरीन प्रदर्शन किया गया, जिसमें विभिन्न स्कूलों के सैंकड़ों छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी सुरजीत घनघस,थाना प्रभारी धीरज चौधरी, नोडल अधिकारी प्रिंसिपल रमेश कुमार, जगबीर देसवाल, डॉ मीना राठी, सरिता, गीता, अरुण, निर्मला, सीमा शर्मा आदि अधिकारी-कर्मचारी तथा शिक्षकगण मौजूद थे।

## डीआईपीएस में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में निशु और सौरव सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा


24 केकेडी 5 . मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते गणमान्य।

हसनगढ़ स्थित दिल्ली इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 77 वें गणतंत्र दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में सरस्वती पूजा एवं पुरस्कार वितरण के 'त्रिवेणी संगम' का आयोजन हुआ, जिसका शुभारंभ मां सरस्वती की आराधना और सरस्वती नमस्तुभ्यं मंत्रोच्चार के साथ किया गया। कार्यक्रम में पुनीत कुमार सरपंच भैंसरू खुर्द, अश्विनी सरपंच पाई, विनोद कुमार सरपंच गोपालपुर, हुकुमचंद पूर्व सरपंच हसनगढ़, नरेंद्र नंबदार, प्रहलाद सिंह सरपंच खर्मपुर, प्रमोद कुमार व राजपाल सिंह के नाम शामिल हैं। कार्यक्रम में सबसे अधिक शिक्षित बेटियां सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुईं। शिखा (एमए) जेएनयू की छात्रा ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायक संबोधन दिया। इसके अलावा रजनी जून चार्टर्ड अकाउंटेंट एवं आईसीआईसीआई बैंक में सीनियर मैनेजर ने विद्यार्थियों को करियर संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया। प्राचार्या मीनाक्षी दहिया ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, संस्कार एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण की भावना विकसित करते हैं। कार्यक्रम के अंत में मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। सर्वश्रेष्ठ छात्रा के रूप में निशु और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी छात्र के रूप में सौरव को सम्मानित किया गया।



**गन्नौर।** कार्यक्रम के दौरान बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल के छात्र ।

**बाल भवन इंटरनेशनल में गणतंत्र दिवस की तैयारी**

**गन्नौर।** बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में 76वां गणतंत्र दिवस समारोह के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया। विद्यालय प्रांगण में ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसमें विद्यालय परिवार के साथ-साथ विद्यार्थियों ने पूरे अनुशासन के साथ भाग लिया। राष्ट्रगान के उपरांत विद्यालय परिसर देशभक्ति के नारों से गूंज उठा। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, भाषण एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी को भावविभोर कर दिया। कक्षा पांचवीं के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया, वहीं कक्षा सातवीं एवं आठवीं के विद्यार्थियों ने आकर्षक एवं तालबद्ध नृत्य प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। बच्चों की प्रस्तुतियों में देशप्रेम, एकता और अनुशासन का संदेश स्पष्ट रूप से झलक रहा था। विद्यालय के प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता ने अपने संबोधन में भारतीय संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान ही देश की एकता, अखंडता और लोकतंत्र की आधारशिला है। उन्होंने विद्यार्थियों को संविधान में निहित अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों को समझने और एक जिम्मेदार व कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बनने की प्रेरणा दी।

## देश की अखंडता और मन में देशभक्ति का जज्बा रखें आमजन : एसडीएम

- शहीद मदन लाल ढींगरा स्टेडियम में एसडीएम ने गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना


**गोहाना।** फुल ड्रेस रिहर्सल का निरीक्षण करते हुए एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय।

उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल में एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय ने शहीद मदन लाल ढींगरा स्टेडियम में बतौर मुख्यातिथि तिरंगा फहराते हुए राष्ट्रीय पर्व की अग्रिम बधाई दी। उन्होंने कहा कि देश की अखंडता के लिए हर देशवासी के मन में देशभक्ति का जज्बा होना चाहिए। गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व में देशभक्ति की भावना के साथ स्वतंत्रता सेनानियों का स्मरण करें। एसडीएम ने कहा कि हमारे वीर स्वतंत्रता सेनानियों ने देश को आगे ले जाने के लिए जो अखंड भारत का सपना देखा था। उसे पूरा करने के लिए संविधान निर्मात्री सभा ने संविधान के विभिन्न पहलुओं में उन सूत्रों को इस तरीके से पिरोया कि भारतवर्ष सदा-सदा के लिए अनंत काल तक इसी एकता के साथ आगे बढ़ता रहे। राष्ट्रीय ध्वज फहराने के उपरांत एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय ने परेड का निरीक्षण किया और परेड कमांडर पीएसआई राहुल के नेतृत्व में पुलिस की महिला-पुरुष टुकड़ी ने मार्च पास्ट किया। इस अवसर पर एसीपी राहुल देव, खंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र सांगवान, सचिव नगर परिषद गोहाना सुंदर शर्मा, डीपीई लक्ष्मण आदि रहे।


**सोनीपत।** रिहर्सल के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी।

**गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर रिहर्सल सम्पन्न**

**खरखौदा।** गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन को लेकर अनाज मंडी, खरखौदा में रिहर्सल का आयोजन किया गया। रिहर्सल में विभिन्न विभागों, स्कूलों तथा प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया। रिहर्सल के दौरान परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, डंबल पीटी एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन अभ्यास कराया गया। स्कूली विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की रिहर्सल कर कार्यक्रम को आकर्षक रूप दिया। इस अवसर पर मंच व्यवस्था, ध्वनि प्रणाली, ध्वजारोहण स्थल, परेड, अनुशासन तथा यातायात व्यवस्था की भी बारीकी से समीक्षा की गई। बच्चों के लिए जलपान एवं स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था भी की गई थी। नायब तहसीलदार अचिन कुमार ने संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि 26 जनवरी का मुख्य कार्यक्रम गरिमापूर्ण, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न किया जाए। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार, प्रिंसिपल सुनील लाकड़ा सहित पुलिस प्रशासन, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग तथा अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## अनुबंधित विश्वविद्यालय शिक्षकों की जॉब सिक्योरिटी की मांग हुई तेज

- हुकटा ने विधायकों के माध्यम से मुख्यमंत्री को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


**सोनीपत।** विधायक निखिल मदान को ज्ञापन सौंपते हुए हुकटा के पदाधिकारी एवं सदस्यगण। *फोटो : हरिभूमि*

सोनीपत में राज्य के सरकारी विश्वविद्यालयों में कार्यरत अनुबंधित शिक्षकों की लंबित सूचना और जॉब सिक्योरिटी को लेकर हरियाणा यूनिवर्सिटीज कॉन्ट्रैक्चुअल टीचर्स एसोसिएशन (हुकटा) ने अपनी मांगें तेज कर दी हैं। हुकटा के प्रतिनिधिमंडल ने राई विधानसभा क्षेत्र की विधायक कृष्णा गहलावत, सोनीपत के विधायक निखिल मदान और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के भाई माईराम कौशिक के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर विधायक कृष्णा गहलावत ने आश्वासन दिया कि वे अनुबंधित विश्वविद्यालय शिक्षकों की सेवा-सुरक्षा की वास्तविक स्थिति जानने के लिए विधानसभा में लिखित प्रश्न लगाएंगी। विधायक निखिल मदान ने कहा कि वे स्वयं मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से इस विषय पर चर्चा कर आगामी बजट सत्र में ही विधेयक प्रस्तुत करवाने का हरसंभव प्रयास करेंगे। साथ ही संबंधित विभागों या विश्वविद्यालयों में फाइल से जुड़ी अड़चनों को अधिकारियों के माध्यम से दूर कराने में सहयोग देने की बात कही। माईराम कौशिक ने कहा कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष स्वयं मुख्यमंत्री से मिलकर फाइल प्रक्रिया को तेज कराने में सहयोग करेंगे।

रेलवे स्टेशन पर हर यात्री पर रखी जा रही पैनी नजर

# गणतंत्र दिवस को लेकर पुलिस ने बढ़ाई सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** स्टेशन के प्रतीक्षालय हॉल में यात्री का बैग खुलवाकर जांच करते जीआरपी व आरपीएफ कर्मी। *फोटो : हरिभूमि*

देशभर में एक दिन बाद मनाए जाने वाले गणतंत्र दिवस को लेकर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा कर दिया है। इसी को लेकर सोनीपत स्टेशन पर शनिवार को करीब 3 घंटे तक सघन जांच अभियान चलाया गया। इसके अलावा शहरभर में चौक-चौराहों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। पुलिस कर्मी आवागमन करने वाले हर वाहन चालक, राहगीर पर नजर बनाए हुए हैं। रेलवे स्टेशन के अलावा बस अड्डा परिसर भी पुलिस कर्मियों की नजर में बंद नजर आया। रेलवे स्टेशन व बस अड्डा पर आने वाले प्रत्येक यात्रियों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। दिल्ली व अंबाला मुख्यालय के सख्त निर्देश मिलने के बाद सोनीपत स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) व राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) की टीम ने जांच अभियान चलाकर यात्रियों के सामान की मेटल डिटेक्टर से जांच की। स्टेशन परिसर, प्रत्येक प्लेटफॉर्म, फुटओवर ब्रिज, बुकिंग कार्यालय, प्रतीक्षालय कक्ष व बाहर पार्किंग क्षेत्र में जांच कर पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। पार्किंग क्षेत्र के संचालक से यहां आने वाले प्रत्येक वाहनों संबंधी जानकारी भी ली गई। इसके अलावा दिल्ली-अंबाला रूट पर आवागमन करने वाली एक्सप्रेस व पैसेंजर ट्रेनों में भी सुरक्षा व्यवस्था को जांचा जा रहा है। पुलिसकर्मी ट्रेनों के प्रत्येक कोच में निरीक्षण कर संदिग्ध लगने वाले यात्रियों के सामान की जांच कर रहे हैं। यात्रियों को जागरूक करने के साथ उन्हें संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति के दिखते ही रेलवे व जीआरपी को सूचना देने का आह्वान किया गया।

**पुलिसकर्मी रहेंगे पूरी तरह मुस्तैद**

गणतंत्र दिवस को लेकर सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी कर्मियों को किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। आरपीएफ थाना में रविवार को 5 अन्य पुलिसकर्मी बाहर से आएंगे। फिलहाल 5 पुलिस कर्मियों को रेल ट्रैक के साथ पैट्रोलिंग व ट्रेनों में जांच के लिए एक्सपोटिंग के लिए तैनात कर दिया गया है। यात्रियों से अपील की जा रही है कि वह संदिग्ध व्यक्ति या लावारिस सामान दिखाई देने पर तुरंत रेलवे पुलिस या स्टेशन पर तैनात कर्मियों को जानकारी दें।
-इंस्पेक्टर संगम यादव, प्रभारी, आरपीएफ थाना, सोनीपत

**ट्रेनों में जांच अभियान में आई तेजी**

गणतंत्र दिवस को लेकर सोनीपत क्षेत्र में आने वाले सभी रेलवे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ा दिया गया है। जीआरपी व आरपीएफ टीमें मिलकर रेलवे स्टेशन परिसर पर सतर्कता के साथ जांच कर रहे हैं। स्टेशन पर आवागमन करने वाले हर यात्री व उनके सामान की जांच की जा रही है। इसके अलावा ट्रेनों में भी जांच अभियान तेज कर दिया गया है।
-धर्मपाल, प्रभारी, जीआरपी थाना, सोनीपत

## खबर संक्षेप

### छात्राओं को सूर्य नमस्कार के फायदों के बारे में बताया

**गोहाना।** आयुष विभाग द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत शनिवार को राजकीय महिला महाविद्यालय गोहाना में सूर्य नमस्कार एवं योग सत्र का आयोजन किया गया। जिला योग समन्वयक डा. विनोद कुमार ने छात्राओं को नेताजी सुभाष चंद्र बोस के प्रेरणादायक जीवन, आदर्शों व पदचिन्हों पर चलने का संदेश दिया। स्वामी विवेकानंद एवं स्वामी दयानंद के जीवन पर भी प्रकाश डाला।

### पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन



**खरखौदा।** ब्रह्मशक्ति स्कूल थाना कलां में गणतंत्र दिवस व पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। प्राचार्य रामबीर सिंह ने बताया कि देशभक्तों को याद करने व छात्रों को गणतंत्र दिवस से संबंधित जानकारी देने के लिए यह कार्यक्रम रखा गया। विद्यालय के संरक्षक पूर्व राजदूत डॉ. दीपक वोहरा, चेयरमैन ओपी रांग, प्राचार्य रामबीर सिंह व भोपाल सिंह ने झंडा फहराकर कार्यक्रम की शुरुआत की। एनसीसी के छात्रों ने तिरंगे को सलामी दी।

## पुलिस लाइन में फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल में उपायुक्त ने फहराया तिरंगा

# गणतंत्र दिवस समारोह स्थल पर जलभराव व फैले कीचड़ ने बढ़ाई मुश्किलें, प्रशासन अब भी चिंतित

*परेड कमांडर एसीपी निधि नैन के नेतृत्व में पुलिस के जवानों के साथ विद्यार्थियों ने की परेड*

### देशभक्ति के संदेश के साथ सांस्कृतिक, समृद्धि दर्शाते कार्यक्रमों की दी मनोहारी प्रस्तुतियां

**खास बातें**

1. अधिकारी दिनभर मैदान में बारिश का पानी को निकलवाते नजर आए
2. पुलिस के महिला-पुरुष व होमगार्ड के जवानों ने विद्यार्थियों के साथ मार्च पास्ट किया
3. राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल ने अपनी प्रस्तुति के साथ की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज. सोनीपत

गोहाना रोड स्थित पुलिस लाइन में 26 जनवरी को मनाए जाने वाले जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर शनिवार को फाइनल रिहर्सल के दौरान मैदान में जमा कीचड़ ने प्रशासन, प्रबंधन व प्रतिभागियों की मुश्किलों को बढ़ाया दिया। सोनीपत में शुक्रवार को हुई झमाझम पहली बारिश के चलते पुलिस लाइन स्थित गणतंत्र दिवस समारोह स्थल पर पानी खड़ा होने से कीचड़ की स्थिति बनी रही। शनिवार को धूप निकलने से प्रशासन को राहत की सांस मिली, लेकिन इससे फाइनल रिहर्सल में आए प्रतिभागियों को अपनी प्रस्तुति के दौरान परेशानी झेलनी पड़ी। विद्यार्थियों ने मंच से दूर सांस्कृतिक कार्यक्रमों, पीटी, मार्च पास्ट की प्रस्तुति दी। वहीं कई अधिकारी दिनभर मैदान में मोटर व टैंक के सहारे बारिश से जलभराव के पानी को निकलवाते नजर आए।



**सोनीपत।** सोनीपत की पुलिस लाइन में गणतंत्र दिवस समारोह स्थल पर बारिश के बाद हुआ जलभराव व फैला कीचड़।



**सोनीपत।** सोनीपत की पुलिस लाइन में फाइनल रिहर्सल में तिरंगा फहराने के बाद सलामी देते उपायुक्त सुशील सारवान, पुलिस आयुक्त ममता सिंह व अन्य अधिकारी।



**सोनीपत।** सोनीपत की पुलिस लाइन में फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

#### विभिन्न टुकड़ियां कदम से कदम मिलाती नजर आई

प्रशासन इस बात को लेकर अब भी चिंतित है कि अगर रविवार को दोबारा बारिश के आसार बनते हैं तो सोमवार को होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में विघ्न पड़ सकता है। उधर जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल में उपायुक्त सुशील सारवान ने पुलिस लाइन में बतौर मुख्यातिथि तिरंगा फहराया। उन्होंने कहा कि हर देशवासी को राष्ट्रीय पर्व में देशभक्ति के जज्बे के साथ हिस्सा लेते हुए अपने वीर स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों को स्मरण करना चाहिए। जो बच्चा इस कार्यक्रम में भाग ले रहा है, वह पूरे आत्मविश्वास के साथ बेहतरीन प्रस्तुति दें। इसके बाद उपायुक्त ने परेड का निरीक्षण किया। परेड कमांडर एसीपी निधि नैन के नेतृत्व में पुलिस के महिला-पुरुष व होमगार्ड के जवानों ने विद्यार्थियों के साथ मार्च पास्ट किया। सबसे आगे हरियाणा पुलिस महिलाओं की टुकड़ी, उसके पश्चात हरियाणा पुलिस पुरूषों की टुकड़ी, होमगार्ड, एनसीसी की यूनिट, हिंदुस्तान गर्ल्स गाइड व स्काऊट की टुकड़ियां, रैडक्रॉस की टुकड़ी कदम से कदम मिलाती नजर आई। गोल्डन हैरियर स्कूल के बैंड की धुन पर सभी ने परेड करते हुए बुलंद भारत की तस्वीर उकेरी।

#### बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मोहा मन

कार्यक्रम में परेड के उपरांत विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने पीटी-शो का प्रदर्शन किया। इसके पश्चात देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक, समृद्धि लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनोहारी प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इसकी शुरुआत राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल, मॉडल टाउन ने अपनी बेहतरी प्रस्तुति के साथ की। द स्प्रिंग इरा स्कूल, रूचि स्पेशल स्कूल, ब्राइट स्कॉलर, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मुरथल अड्डा की टीमों ने देश के विभिन्न राज्यों की संस्कृति को प्रस्तुत किया। अंत में जानकीदास पब्लिक स्कूल के बच्चों ने राष्ट्रीय गान गाया। कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त ममता सिंह, डीसीपी परबीना पी, एसडीएम सुभाष चंद्र, नगराधीश डॉ. अनमोल, जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, तहसीलदार कीर्ति, डॉ. सुभाष सिसौदिया मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### शिक्षा का मूल्य कभी कम नहीं होता : डॉ. स्वाति

**गोहाना।** शिक्षा वह सम्पत्ति है जिसका मूल्य कभी कम नहीं होता। इस सम्पत्ति को हासिल करने वाला ही दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति होता है। यह बात गांव बनवासा स्थित आर्यन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्या डॉ. स्वाति बांगड़ ने कही। वे स्कूल में शिक्षा के महत्व विषय पर आयोजित गोष्ठी में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर रही थीं। डॉ. स्वाति बांगड़ ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज में सदैव चलने वाली वह सामाजिक प्रक्रिया है जिसके द्वारा मनुष्य की योग्यता का विकास उसके ज्ञान एवं कला-कौशल में वृद्धि एवं व्यवहार में परिवर्तन से किया जाता है। शिक्षा से प्राप्त ज्ञान एवं गुणों से ही कोई भी व्यक्ति दुनिया के श्रेष्ठत्तम शिखर तक पहुंच सकता है। विद्यार्थी जीवन में लक्ष्य के साथ बढ़ें और उसे हासिल करने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ मेहनत करें। प्राचार्या डॉ. स्वाति बांगड़ ने विद्यार्थियों से कहा कि अगर वे स्वयं राजकुमार बनना चाहते हैं तो उनको अपने पिता को राजा बनाना होगा। क्योंकि राजा का पुत्र ही राजकुमार कहलाता है। ऐसे में अपने माता-पिता की मेहनत को देखकर जीवन में आगे बढ़ें।



स्वाति बांगड़

### ड्रेन के दोनों तरफ होगा सौंदर्यीकरण का काम : जैन

**सोनीपत।** नगर निगम के निवर्तमान मेयर राजीव जैन ने कहा है कि ड्रेन नंबर 6 को कवर करने के अधूरे पड़े कार्य को पूरा करने की सभी तकनीकी बाधाएं दूर हो गई हैं और जल्द ही कार्य पूरा होकर ड्रेन के दोनों तरफ सौंदर्यीकरण का कार्य होगा। हर शनिवार स्वच्छ सुंदर एवं स्वच्छ सोनीपत अभियान के 30 वें सप्ताह में ड्रेन नंबर 6 आदर्श नगर के आसपास सफाई करवाते हुए नागरिकों को आश्वासन दिया कि ड्रेन के दोनों तरफ खुदाई के कारण बने हुए गड्ढों में भी जल्द ही मिट्टी भरत का काम पूरा करवाया जायेगा। उन्होंने ड्रेन के आसपास स्थित दुकानदारों विशेषकर होटल मालिकों से अपील की कि ड्रेन के ऊपर गंदगी ना डालें अन्यथा ड्रेन कवर करवाने का शहरवासियों को क्या लाभ होगा। राजीव जैन ने बताया कि ड्रेन के दोनों तरफ मकानों का टूटा मलबा, गोबर, घरों में ख़राब हुआ पड़ा फर्नीचर आदि कचरे के रूप में डाला जा रहा है जिससे आसपास के नागरिक भी परेशान हैं। सफाई अभियान के दौरान मुरथल रोड, बस अड्डे तथा आईटीआई चौक के पास भी पुलों के आस पास इकट्ठा हुए कूड़े को उठवाया गया।



### बार-बार माइनर टूटने पर विधायक ने कड़ा रुख अपनाया

**गोहाना।** सिवानका माइनर के बार-बार टूटने की घटनाओं को लेकर बरोदा हल्के के विधायक इंदु राज नरवाल ने कड़ा रुख अपनाया है। शुक्रवार को उन्होंने स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया और सिंचाई विभाग की कार्यप्रणाली पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। विधायक ने कहा कि बीते तीन दिनों से माइनर टूटी होने के बावजूद विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, जो गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। निरीक्षण के दौरान विधायक इंदु राज नरवाल ने एसडीएम गोहाना से फोन पर बातचीत कर सिंचाई विभाग के संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों पर समय रहते निरीक्षण न करने, हालात की गंभीरता को न समझने और आवश्यक कदम न उठाने का आरोप लगाया। विधायक इंदु राज नरवाल ने स्पष्ट किया कि किसानों के हितों से कोई भी समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने प्रभावित किसानों को राहत दिलाने, माइनर की तत्काल मरम्मत व सफाई कराने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



### नहर किनारे कुटिया में दिव्यांग बुजुर्ग की हत्या

**सोनीपत।** गांव जुआं में नहर के पास बनी कुटिया के बाहर दिव्यांग बुजुर्ग पर हुए जानलेवा हमले ने आखिरकार उनकी जान ले ली। पीजीआई रोहतक में उपचार के दौरान बुजुर्ग की मौत हो जाने के बाद पुलिस ने मामले में हत्या की धारा जोड़ दी है। इससे पहले पुलिस आरोपित को हत्या के प्रयास के मामले में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज चुकी थी। बुजुर्ग की मौत के बाद यह मामला अब गांव में चर्चा और दहशत का विषय बन गया है। घटना 18 जनवरी की देर शाम की है। गांव जुआं निवासी 70 वर्षीय दिव्यांग बुजुर्ग वजीर सिंह, जो दोनों पैरों से दिव्यांग थे, नहर के पास कुटिया के बाहर बैठे हुए थे। इसी दौरान गांव के ही राकेश ने उन पर लाठी से सिर पर वार कर दिया। हमला इतना गंभीर था कि बुजुर्ग मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़े। हमले के बाद आरोपित ने धमकी दी थी कि उसने ऐसे लाठी मारे हैं कि बुजुर्ग दो-चार दिन में तड़प-तड़प कर मर जाएगा और इसके बाद वह मौके से फरार हो गया। इस मामले में गांव के नरेश दास ने 19 जनवरी को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। नरेश दास ने बताया कि वह पिछले पांच वर्षों से गांव के बाहर नहर के पास कुटिया बनाकर रह रहे हैं। वजीर सिंह भी अक्सर उनके साथ ही रहते थे। घटना के समय नरेश दास कुटिया के अंदर बने चौबारे पर दूध गर्म करने गए थे। तभी बाहर से मार दिए-मार दिए की आवाज सुनाई दी। बाहर आकर देखा तो राकेश लाठी से वजीर सिंह के सिर पर वार कर रहा था। नरेश दास के अनुसार हमले के बाद आरोपित धमकी देकर भाग गया।

# राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग बास्केटबॉल प्रतियोगिता में झटके 11 पदक

- ओम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग बास्केट बॉल प्रतियोगिता में गोहाना-जींद मार्ग स्थित ओम पब्लिक स्कूल (ओपीएस) के विद्यार्थियों ने 11 पदक जीत कर अपनी खेल प्रतिभा की धाक जमाई। शनिवार को स्कूल में पदक विजेताओं को पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मार्गदर्शन स्कूल की एमडी निर्मल लाठर का रहा। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. मनजीत खासा ने की। उत्तर प्रदेश के आगरा स्थित आर्यभट्ट पब्लिक स्कूल में 8वीं राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग बास्केट बॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में ओपीएस स्कूल के खिलाड़ियों ने 6 स्वर्ण और 5 रजत पदक जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर अपने स्कूल का नाम रोशन किया। अंडर-9 आयु वर्ग में कक्षा दूसरी के छात्र आयुष, अंडर-14 आयु वर्ग में कक्षा 7वीं के छात्र समर, पन्नू पवन, अयान, अक्षित और लक्ष्य ने प्रथम स्थान हासिल करते हुए स्वर्ण पदक जीते। अंडर-11 आयु वर्ग में कक्षा तीसरी के अरमान, कक्षा चौथी के संयम, कक्षा छठी के शौर्य और कक्षा 8वीं के छात्र शिवम ने द्वितीय स्थान हासिल करते हुए रजत पदक जीते। प्रशिक्षक उमेश कुमार के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता में प्रतिभागिता की।



**गोहाना।** पदक विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देते हुए एमडी निर्मल लाठर व प्राचार्य डॉ. मनजीत खासा। फोटो : हरिभूमि

### जाट सभा ने क्रिकेटर अदिति श्योराण को खेल पुरस्कार ट्राफी देकर किया सम्मानित

**गन्नौर।** दुभेटा गांव की होनहार खिलाड़ी क्रिकेटर अदिति श्योराण को इस साल जाट सभा की ओर से प्रतिष्ठित खेल पुरस्कार के लिए चुना गया। पंचकूला के सेक्टर-6 स्थित जाट सभा भवन में आयोजित सर छोटू राम की 145वीं जन्मदिन के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में अदिति को सम्मानित किया गया। समारोह में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र सिंह चौधरी के अलावा जाट सभा के चेयरमैन और हरियाणा के पूर्व डीजीपी डा.महेंद्र सिंह की मौजूदगी में अदिति श्योराण को खेल पुरस्कार ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। युवा क्रिकेटर को जाट सभी की ओर से कैश अवार्ड भी दिया गया है। अदिति यूटी क्रिकेट एसोसिएशन (यूटीसीए) चंडीगढ़ की ओर से बीसीसीआइ चैंपियनशिप में अंडर-15 और अंडर-19 महिला टीम में खेल चुकी हैं। अदिति सेक्टर-16 स्थित चंडीगढ़ प्रशासन की क्रिकेट एकेडमी में क्रिकेट की बारीकियां सीख रही है। काफी कम उम्र में स्टेट, नेशनल और बीसीसीआइ जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में चंडीगढ़ का प्रतिनिधित्व किया है। जाट सभा की ओर से सम्मानित किये जाने पर अदिति ने कहा कि किसी भी स्तर पर खिलाड़ी को प्रोत्साहन देना उसे आगे बढ़ने में मदद करता है। हाल ही में अदिति श्योराण को रोहितक स्थित महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी की ओर से स्कूल स्तर की खिलाड़ी को पहली बार यूनिवर्सिटी के प्रतिष्ठित स्पोर्ट्स एक्सीलेंस अवार्ड से नवाजा गया है।



**गन्नौर।** क्रिकेटर अदिति श्योराण को खेल पुरस्कार ट्राफी देकर सम्मानित करते पूर्व केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र सिंह चौधरी।

### संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह की तैयारियां तेज

**सोनीपत।** संत शिरोमणि रविदास जयंती के अवसर पर कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह की तैयारियों को लेकर स्वर्ण कमल भाजपा कार्यालय सोनीपत में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा भाजपा शमशेर सिंह तुफान ने की। इसमें प्रदेश अध्यक्ष सत्यप्रकाश जरावता एससी मोर्चा हरियाणा और खरखौदा विधायक पवन ने विशेष रूप से भाग लिया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सत्यप्रकाश जरावता ने बताया कि कुरुक्षेत्र में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।



### जोगिता ने प्रश्नोत्तरी में पाया तृतीय स्थान

**सोनीपत।** अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव-2026 के तहत कुरुक्षेत्र के पिहोवा में आयोजित सरस मेले में आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सोनीपत के जाखौली स्थित पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय की जोगिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जोगिता को प्रमाण पत्र व 5 हजार रुपये की नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय प्रभारी किरण चौहान बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन 19 से 23 जनवरी तक बसंत पंचमी पर किया गया।

## छात्राएं ई-लाइब्रेरी का लाभ उठाएं : प्रो. सुदेश

- महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने ई-लाइब्रेरी में छात्राओं से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि), खानपुर कलां की कुलपति प्रो. सुदेश ने ई-लाइब्रेरी में छात्राओं से सीधा संवाद किया। कुलपति ने छात्राओं को ईक-लाइब्रेरी के अधिकतम उपयोग के लिए प्रेरित किया। विवि में कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के अंतर्गत लगभग 90 लाख रुपये की लागत से अत्याधुनिक डिजिटल लाइब्रेरी बनाई गई है। शनिवार को विवि की कुलपति ई-लाइब्रेरी पहुंची और छात्राओं से संवाद किया। कुलपति ने कहा कि डिजिटल युग में ई-लाइब्रेरी ज्ञान का एक सशक्त माध्यम है, जिसके माध्यम से छात्राएं देश-विदेश की उत्कृष्ट शैक्षणिक सामग्री तक आसानी से पहुंच बना सकती हैं। प्रो. सुदेश ने छात्राओं से आह्वान किया कि वे पाठ्यक्रम के साथ-साथ शोधपरक अध्ययन, संदर्भ पुस्तकों, जर्नल्स एवं ई-रिसोर्सेज का नियमित उपयोग करें ताकि उनकी अकादमिक समझ और प्रतियोगी क्षमता में वृद्धि हो। शिक्षक कक्षा शिक्षण के साथ-साथ छात्राओं को लाइब्रेरी एवं ई-लाइब्रेरी आधारित अध्ययन और शोध कार्यों के लिए निरंतर प्रोत्साहित करें।



**गोहाना।** ई-लाइब्रेरी में छात्राओं से संवाद करते हुए कुलपति प्रो. सुदेश।

## धार्मिक आयोजन सामाजिक एकता को करते हैं मजबूत : गहलावत

- गांव नांगल कलां में दादा बूढ़े जी के भंडारे में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**राई।** गांव नांगल कलां में दादा बूढ़े के पावन स्थल पर श्रद्धा और आस्था के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। विधायक कृष्णा गहलावत ने पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। विधायक कृष्णा गहलावत ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि दादा बूढ़े जी की कृपा से क्षेत्र में सदैव अमन-चैन बना रहे और सभी के जीवन में सुख-समृद्धि आए। विधायक ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि गांवों में इस प्रकार के आयोजन हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखते हैं। भंडारे के आयोजन में गांव के गणमान्य लोगों की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर सरपंच अनिल, पूर्व चेयरमैन मार्केट कमेटी कुलदीप नांगल, समर नांगल, राजेंद्र तुसीर, विनोद तुसीर, बिर्खे, आनंद, देवेंद्र, बिट्टू, सरपंच रामकिशन, प्रधान रामकुमार, कृष्ण पहलवान, देवेंद्र पहलवान, जगबीर, जखोली मंडल अध्यक्ष शेखर आंतिल, सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** सेव गर्ल चाइल्ड थीम पर जीवीएम में राष्ट्रीय बालिका दिवस हर्षोल्लास से मनाया

# पोस्टर मेकिंग में पायल तथा सोशल मीडिया कैंपेन में मुस्कान और मीनाक्षी रहीं अव्वल

*प्राचार्या ने विजेताओं के साथ राष्ट्रीय बालिका दिवस की बधाई दी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सेव गर्ल चाइल्ड थीम पर जीवीएम गर्ल्ज कालेज में आयोजित राष्ट्रीय बालिका दिवस के अंतर्गत हुई पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बीबीए तृतीय वर्ष की छात्रा पायल अव्वल रही। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने विजेताओं के साथ राष्ट्रीय बालिका दिवस की बधाई दी। जीवीएम के महिला प्रकोष्ठ व रोट्रैक्ट क्लब के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय बालिका दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया, जिसका शुभारंभ प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने दीप प्रज्वलित करते हुए किया। सेव गर्ल चाइल्ड थीम पर इस दौरान पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता व सोशल मीडिया कैंपन (रील्स क्रिएशन) का आयोजन किया गया। पोस्टर मेकिंग में पायल ने प्रथम, जया ने द्वितीय तथा अदिति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया और प्रिया को सांत्वना पुरस्कार से सुशोभित किया गया। सोशल मीडिया कैंपेन में मुस्कान व मीनाक्षी की जोड़ी प्रथम, दीपिका राय, भारती व हिमांशी की तिकड़ी ने द्वितीय और जीवा, पारूल, श्रुति, योगिता व गुंजन के समूह ने तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संयोजक प्राध्यापिका आस्था बतरा के नेतृत्व में सहयोगी प्राध्यापिकाओं के रूप में प्रीति चुघ, मोनिका चांदना, कीर्ति सतीजा, मीटू ने विशेष योगदान दिया।



**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में विजेता विद्यार्थियों के साथ प्राचार्या एवं अन्य।

### रंजीत ने पेंसिल स्केचिंग स्पर्धा में पाया द्वितीय स्थान

**सोनीपत।** जाट शिक्षण संस्था रोहतक द्वारा दीनबंधु छोटू राम की 145वीं जयंती के अवसर पर आयोजित उत्सव में अंतर महाविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं कराई गईं। इस कार्यक्रम में टीका राम शिक्षा महाविद्यालय के बीएड प्रथम वर्ष के छात्र रंजीत ने पेंसिल स्केचिंग प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। कॉलेज पहुंचने पर प्राचार्य सुरेंद्र सिंह राणा तथा सांस्कृतिक एवं खेलकूद समिति की ओर से छात्र का स्वागत और अभिनंदन किया गया। टीका राम शिक्षा संस्था के प्रधान सुरेंद्र सिंह दहिया ने छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना की। इसके अलावा छात्र रंजीत ने 23 जनवरी 2026 को बसंत पंचमी के अवसर पर दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल, सोनीपत में आयोजित स्वदेशी संकल्प दौड़, 16वीं तिमाही मैराथन 10 किलोमीटर में भी भाग लिया। इस आयोजन में सहभागिता के लिए विश्वविद्यालय की ओर से छात्र को प्रशंसा पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया।



# मौसम का दोहरा प्रहार : ओलावृष्टि के बाद कड़ाके की ठंड की चपेट में जिला

## न्यूनतम तापमान में 11.7 डिग्री की गिरावट, प्रदेश में दूसरा सबसे ठंडा शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सोनीपत में कुदरत के बदलते मिजाज ने आम जनजीवन की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया है। शुक्रवार को हुई रुक-रुक कर बारिश और शाम के समय अचानक हुई ओलावृष्टि ने शनिवार को कड़ाके की ठंड का मार्ग प्रशस्त कर दिया। मौसम के इस यू-टर्न से पूरे जिले में शीत लहर का प्रकोप देखा जा रहा है। आलम यह है कि शनिवार को दिनभर खिली धूप भी लोगों को राहत देने में नाकाम रही और बर्फीली हवाओं के कारण लोग ठिठुरते नजर आए। मौसम विभाग के आंकड़ों ने भी इस ठंड की गंभीरता की पुष्टि की है। जिले के सरगथल स्थित केंद्र पर शनिवार को न्यूनतम तापमान मात्र 2.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस न्यूनतम स्तर के साथ जिला पूरे हरियाणा प्रदेश में दूसरे सबसे ठंडे स्थान के रूप में दर्ज हुआ है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले 24 घंटों के भीतर न्यूनतम तापमान में 11.7 डिग्री सेल्सियस की रिकॉर्ड गिरावट देखी गई है। यह अचानक आया बदलाव मानव स्वास्थ्य और सामान्य गतिविधियों के लिए चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है। शनिवार को अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस के आसपास सिमटा रहा। हालांकि दिन के समय आसमान साफ रहा और धूप भी निकली लेकिन उत्तर-पश्चिमी दिशा से आने वाली 11 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार वाली ठंडी हवाओं ने धूप के असर को पूरी तरह बेअसर कर दिया।

■ दिनभर खिली धूप भी लोगों को राहत देने में नाकाम रही और बर्फीली हवाओं के कारण लोग ठिठुरते नजर आए

**2.1 डिग्री सेल्सियस से ठिठुरे लोग**



### खेती और फसलों पर ये पड़ेगा प्रभाव

जहां यह कड़ाके की ठंड आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है वहीं कृषि विशेषज्ञों ने इसे रबी की फसलों के लिए वरदान बताया है। कृषि विभाग के जानकारों का कहना है कि वर्तमान में पड़ रही यह ठंड और नमी गेहूं की फसल के लिए बेहद लाभदायक है। इससे दाने की गुणवत्ता और पैदावार में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। हालांकि ओलावृष्टि से कुछ निचले इलाकों में मामूली नुकसान की आशंका भी जताई जा रही है जिसकी समीक्षा की जा रही है।

**ठंड में सावधानी रखें**

- बुजुर्ग और बच्चे सुबह-शाम बाहर निकलने से बचें
- सांस के रोगी मास्क का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें
- गर्म तरल पदार्थों का सेवन बढ़ाएं
- ठंड के लक्षणों को नजरअंदाज न करें व चिकित्सक से संपर्क करें

### आसमान साफ रहने की संभावना

आने वाले 48 घंटों तक शीत लहर का प्रकोप इसी तरह जारी रह सकता है। आसमान साफ रहने की संभावना है लेकिन रात के तापमान में और अधिक गिरावट दर्ज की जा सकती है।
**डॉ. प्रेमदीप**, वैज्ञानिक, केवीके, जगदीशपुर।

### शाम ढलते ही गलन बढ़ने से बाजारों में सन्नाटा पसरा


शाम ढलते ही गलन और बढ़ गई जिससे बाजारों में सन्नाटा पसर गया और लोग अलाव का सहारा लेने को मजबूर हो गए। कड़ाके की ठंड के बीच वायु गुणवत्ता का स्तर अभी भी चिंता का विषय बना हुआ है। शनिवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक मापक यंत्र में हवा की गुणवत्ता खराब श्रेणी में दर्ज की गई। हवा में मौजूद प्रदूषक तत्वों और गिरते तापमान के मेल से सांस के रोगियों और बुजुर्गों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। चिकित्सकों ने सलाह दी है कि इस मौसम में केवल जरूरी काम होने पर ही घर से बाहर निकलें और शरीर को पूरी तरह गर्म कपड़ों से ढककर रखें।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से ई-रिक्शा पलटी, कई सवारी घायल

**गन्नौर।** सोनीपत से गांव पांची जाटान में गंग भट्ठा की ओर जा रहे एक ई-रिक्शा को तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ई-रिक्शा चालक सहित कई सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायल सवारियों को उपचार के लिए खानपुर स्थित बीपीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सौरभ गांव लल्वाड़ी जिला पलवल, हाल किरायेदार सोनीपत ने बताया कि 22 जनवरी की शाम अपनी ई-रिक्शा में 6-7 सवारियां लेकर सोनीपत से गांव पांची जा रहा था। जब ई-रिक्शा गांव चटिया के पास पहुंचा तो शाम करीब छह बजे पीछे से आ रही एक सैंट्रो कार के चालक ने तेज गति से वाहन चलाते हुए ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ई-रिक्शा दो-तीन बार पलटा, जिससे उसमें सवार बसंत, अमित, बालकराम, गंडा देवी सहित अन्य यात्रियों और चालक सौरभ को गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों और भट्ठा मालिक की मदद से घायलों को बीपीएस खानपुर अस्पताल पहुंचाया गया। उपचार के दौरान ई-रिक्शा की बैटरी भी गायब मिली। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।

## गन्नौर में फर्जी रजिस्ट्री मामले की डीएलआर विभाग ने जांच की शुरू

**गन्नौर।** फर्जी दस्तावेजों के सहारे कराई गई रजिस्ट्री के मामले में अब भूमि अभिलेख (डीएलआर) विभाग हरकत में आ गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। विभाग ने रजिस्ट्री से जुड़े अधिकारियों को तलब कर जवाबदेही तय करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। डीएलआर विभाग ने नायब तहसीलदार अमित कुमार को पंचकूला स्थित मुख्यालय में तलब किया है। उन्हें रजिस्ट्री से जुड़े सभी मूल दस्तावेज साथ लाने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में 21 जनवरी को लिखित आदेश जारी किए गए थे। जांच के दौरान रजिस्ट्री प्रक्रिया में अपनाई गई विधि, दस्तावेजों की जांच और स्वीकृति से जुड़े सभी पहलुओं की समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा विभाग ने 28 जनवरी को नायब तहसीलदार अमित कुमार यादव को भी पंचकूला पहुंचने के आदेश दिए हैं। दोनों अधिकारियों से दस्तावेजों के आधार पर पूछताछ की जाएगी, ताकि यह स्पष्ट किया जा सके कि रजिस्ट्री के समय नियमों का पालन किया गया या नहीं। डीएलआर विभाग के अनुसार सभी दस्तावेजों की गहन जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। यदि जांच में किसी स्तर पर गड़बड़ी या नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होती है तो संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई होगी




### लड़की के साथ छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार, केस

**गोहाना।** थाना शहर की पुलिस ने नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने की घटना मे संलिप्त आरोपित आर्य नगर के अंकित को गिरफ्तार किया। न्यायालय के आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। एक व्यक्ति ने 22 जनवरी पुलिस को शिकायत दी थी कि आरोपित अंकित उसकी नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ की। लड़की द्वारा उसे बताया गया, जिस पर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने केस दर्ज करके नाबालिग लड़की के मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज कराए और महिला विशेषज्ञ व लीगल एड से काउंसलिंग कराई। पुलिस ने आरोपित अंकित को गिरफ्तार कर लिया।

### छिछड़ाना में अवैध हथियार सहित युवक पकड़ा

**गोहाना।** क्राइम यूनिट गोहाना की पुलिस ने गांव छिछड़ाना के प्रवेश को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया। न्यायालय के आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सहायक उप निरीक्षक अनीत कुमार पुलिस टीम के साथ गांव रुखी से छिछडाना रोड पर गश्त कर रहे थे। सूचना मिली कि प्रवेश के पास अवैध हथियार है जो कुछ देर बाद गांव छिछड़ाना की तरफ से पैदल आएगा। कुछ देर बाद वह आया तो पुलिस ने उसे काबू कर लिया। उसके पास अवैध देसी पिस्तौल मिला। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

**मिशन रिक्रूटमेंट के तहत सीआरपीएफ कैंप में रोजगार मेले का आयोजन, 71 युवाओं को मिले नियुक्ति पत्र**

# रोजगार सृजन, नवाचार और तकनीक के उपयोग को बढ़ावा दे रही सरकार : गुर्जर





**राई ।** मिशन रिक्रूटमेंट के तहत सीआरपीएफ कैंप सोनीपत रोजगार मेले में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने 71 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के युवाओं को सरकारी नौकरी उपलब्ध कराने के संकल्प को साकार करने की दिशा में 24 जनवरी को राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार मेला आयोजित किया गया। यह रोजगार मेला अभियान का 18वां संस्करण रहा। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिमोट का बटन दबाकर देशभर में 45 विभिन्न स्थानों पर आयोजित रोजगार मेलों के माध्यम से 61,000 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इनमें लगभग 8,000 नारी शक्ति भी शामिल रही। मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा रोजगार सृजन, नवाचार, तकनीक के उपयोग तथा नागरिकों को केंद्र में रखकर अर्थव्यवस्था को सशक्त करने पर बल दिया है।इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, विधायक कृष्णा गहलावत, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, गोहाना से अध्यक्ष विजेंद्र मलिक, जखोली मंडल अध्यक्ष शेखर आंतिल, पूर्व चेयरमैन कुलदीप नांगल, तरुण देवीदास, सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र के अधिकारी मौजूद रहे।

